1.8
22/8/23

E-Mail

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
अधिसूचना

अधिसूचना संख्याः– 11/अ0प्र0–13–29/2021 4686 पटना, दिनांक 22/8/23

वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों को सड़क सम्पर्क योजना (**RCPLWEA**) के लाभ से आच्छादित करने सम्बन्धी संसूचित निर्णय के तहत पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–156 दिनांक–02.11.2021 के आलोक में गया जिलान्तर्गत मलाही मोड़ (भैया बिगहा) से गेंदुपुर (महुरी) रोड का निर्माण कार्य पथ निर्माण विभाग के द्वारा करने के लिए कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी से प्राप्त प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत उनके क्षेत्राधीन अवस्थित विभागीय स्वामित्व वाले **PMGSY-III** योजनान्तर्गत माह दिसम्बर 2022 में निर्मित पथ **Banchar To Upthu** (कुल लं0–8.037 कि0मी0) में से 6.60 कि0मी0 पथ/पथांश जो पथ निर्माण विभाग के द्वारा क्रियान्वित की जानेवाली उक्त योजना के आरेखन में पड़ता है, को निम्नांकित शर्तो के अधीन पथ निर्माण विभाग, बिहार ,पटना को हस्तांतरित किया जाता हैः–

(I) PMGSY-III अन्तर्गत, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी, गया द्वारा संदर्भित पथ/पथांश में किये गये कार्य का 100 प्रतिशत समायोजन पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना अपने डी0पी0आर0 में समावेशित कर इसकी सूचना/प्रमाण पत्र इस विभाग को उपलब्ध करायेंगे, ताकि कृत कार्य का पूर्ण उपयोग प्रमाणित हो सके।

(II) उक्त पथ के शेष पथांश 1.707 कि0मी0 ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन रहेगा जिसका अनुरक्षण कार्य कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी के पर्यवेक्षण में संबंधित संवेदक द्वारा किया जाएगा।

2. पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना सं0–1548 सहपठित ज्ञापांक–1549 दिनांक–25.02.2020 में वर्णित प्रावधान के आलोक में संदर्भित पथ के हस्तान्तरण के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
21/8/2023
(संजय दूबे)
सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 11/अ0प्र0–13–29/2021 4687 पटना, दिनांक 22/8/23

प्रतिलिपिः– उप सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/8/2023
सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 11/अ0प्र0–13–29/2021 4687 पटना, दिनांक 22/8/23

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/अवर सचिव, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/8/2023
सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 11/अ0प्र0–13–29/2021 4687 पटना, दिनांक 22/8/23

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता–02, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल गया/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल नीमचक बथानी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल नीमचक बथानी को निदेश है कि संदर्भित पथ Banchar To Upthu (कुल लं0–8.037 कि0मी0) में से हस्तांतरित 6.60 कि0मी0 पथ/पथांश के उपरांत शेष बचे पथ/पथांश का अनुरक्षण कार्य संबंधित संवेदक से कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

21/8/2023

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 11/अ0प्र0–13–29/2021 4687 पटना, दिनांक 22/8/23

प्रतिलिपिः– संयुक्त सचिव(प्र0को0), पथ निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–156 दिनांक–02.11.2021 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/8/2023

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 11/अ0प्र0–13–29/2021 4687 पटना, दिनांक 22/8/23

प्रतिलिपिः– माननीय उप मुख्य (ग्रामीण कार्य) मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/8/2023

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 11/अ0प्र0–13–29/2021 4687 पटना, दिनांक 22/8/23

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि कृपया इसे विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

21/8/2023.

सरकार के विशेष सचिव